
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

# 2024

24 अक्टूबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जीत कर दिखाओ उन लोगों को जो तुम्हारी

हार का इंतजार कर रहे हैं।

**स्वामी विवेकानंद जी**



राकेश कुमार

**Teachers of Bihar**

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 24 अक्टूबर

1. **संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस–** प्रथम विश्वयुद्ध में हुए भीषण नरसंहार के बाद अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और शान्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य के रूप में राष्ट्रसंघ की स्थापना की गई, लेकिन परीक्षा की घड़ी में खरे न उतरने के कारण मानवतावादी वशान्तिवादी इस बात के लिए प्रयत्नशील थे कि एक ऐसे संघ की स्थापना की जाए जो द्वितीय विश्वयुद्ध जैसी महाविभीषिका से विश्व को बचा सके। 26 जून, 1945 को सान फ्रांसिस्को, कैलीफोर्निया, अमेरिका में 50 देशों के प्रतिनिधियों ने संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर पर हस्ताक्षर किये जिससे संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई। हस्ताक्षरकर्त्ताओं में से अनेक राष्ट्र द्वारा संघ की सदस्यता ग्रहण करने से पूर्व राष्ट्र की संसद की स्वीकृति लेनी आवश्यक थी। यह प्रक्रिया 24 अक्टूबर 1945ई. को पूरी हो गई।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को संयुक्त राष्ट्र संघ के छह अंगों तथा कार्यों के बारे में बतायें।
2. **विश्व विकास सूचना दिवस–** वर्ष 1972 ई. में 19 दिसम्बर को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष 24 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र दिवस के साथ एक विश्व विकास सूचना दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विकास संबंधी समस्याओं पर चिंतन को मजबूत करने के उद्देश्य से इस दिवस की स्थापना की गई थी। इसका उद्देश्य लोगों को व्यापार एवं विकास संबंधी सूचनाएं प्रदान करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है।
3. **अमृतसर शहर की स्थापना–** चौथे सिख गुरू रामदास के द्वारा अमृतसर शहर की स्थापना 24 अक्टूबर 1577ई. को की गई थी। उनके द्वारा खोदी गई पवित्र 'अमृत सरोवर' के नाम पर इस शहर का नामकरण किया गया।
4. **जहाँगीर का राज्याभिषेक–** चौथा मुगल शासक जहाँगीर जिसका पूरा नाम मिर्जा नूर–उद्दीन बेग़ माहम्मद खान सलीम जहाँगीर था, का राज्यारोहन 24 अक्टूबर 1605ई. को आगरा में हुआ था।
   - **संदर्भः** बच्चों को वर्ग सात की इतिहास की पाठ्यपुस्तक के अध्याय 4 से जोड़कर बतायें।
5. **विश्व पोलियो दिवस–** पूरे विश्व में प्रत्येक वर्ष 24 अक्टूबर को विश्व पोलियो दिवस मनाया जाता है। जोनास सॉल्क ने पोलियो वैक्सीन का विकास किया था। यह दिवस उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। भारत सरकार ने वर्ष 1995 में पोलियो उन्मूलन अभियान की शुरूआत की थी। 27 मार्च, 2014 ई. को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया था।

T h u r s d a y

/teachersofbihar

Madhu priya

मधु प्रिया

# विश्व विकास सूचना दिवस 24 अक्टूबर




प्रत्येक वर्ष 24 अक्टूबर को हम विश्व विकास सूचना दिवस (डब्ल्यूडीआईडी) मनाते हैं। इस दिन की स्थापना का उद्देश्य विकास समस्याओं और उन्हें हल करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की आवश्यकताओं की ओर जनता का ध्यान आकर्षित करना था। इस दिन का उद्देश्य विशेष रूप से युवा लोगों के बीच सूचना के प्रसार में सुधार करना और जनमत को संगठित करना है। जिससे विकास की समस्याओं के बारे में अधिक जागरूकता आएगी,जिससे विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। विश्व विकास सूचना दिवस 2021 का विषय 'सतत विकास लक्ष्य के लिए कार्रवाई 'था। 2020 की थीम 'सूचना और संचार प्रौद्योगिकी-विकास चुनौतियों के नए समाधान' थी।17 मई, 1972 को व्यापार और विकास समस्याओं के संबंध में सूचना प्रसार और जनमत जुटाने के लिए व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन द्वारा प्रस्तावित उपायों को संकल्प 3038 (XXVII) के रूप में जाना जाने लगा। 24 अक्टूबर को विश्व विकास सूचना दिवस मनाने के लिए यह प्रस्ताव 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित किया गया था। यह दिन 1970 में दूसरे संयुक्त राष्ट्र विकास दशक के लिए ' अंतर्राष्ट्रीय विकास रणनीति' को अपनाने की तारीख के साथ भी मेल खाता है।परिवार की उपयोगिता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस दिन को विश्व स्तर पर मनाने का फैसला लिया था। वर्ष 2023 की थीम “परिवार और जनसांख्यिकी परिवर्तन”, जिसका उद्देश्य जनसंख्या में होने वाले महत्वपूर्ण बदलाव और परिवारों पर उनके प्रभाव को लेकर ध्यान केंद्रित करना है।



महान स्वतंत्रता सेनानी

## कैप्टन लक्ष्मी सहगल जी

को जयंती पर विनम्र अभिवादन

**कैप्टन लक्ष्मी सहगल** *Lakshmi Sahgal*, जन्म: 24 अक्टूबर, 1914, मद्रास (अब चेन्नई); मृत्यु: 23 जुलाई, 2012 कानपुर) महान् स्वतंत्रता सेनानी और आज़ाद हिन्द फ़ौज की अधिकारी थीं। वे आज़ाद हिन्द सरकार में महिला मामलों की मंत्री रहीं। सुभाष चंद्र बोस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सेना में रहते हुए लक्ष्मी सहगल ने कई सराहनीय काम किये।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 24.10.2024

## कला में अध्ययन

कला में, अध्ययन एक ड्राइंग, स्केच या पेंटिंग है जो किसी तैयार कृति की तैयारी में, दृश्य नोट्स के रूप में या अभ्यास के रूप में किया जाता है । अध्ययनों का उपयोग अक्सर विषयों को प्रस्तुत करने में शामिल समस्याओं को समझने और तैयार कार्यों में उपयोग किए जाने वाले तत्वों, जैसे प्रकाश, रंग, रूप, परिप्रेक्ष्य और संरचना की योजना बनाने के लिए किया जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




बांग्लादेश में सबसे ज़्यादा नदियां हैं यहां करीब 700 नदियां बहती हैं इस वजह से बांग्लादेश को 'नदियों की भूमि' भी कहा जाता है

# कॉमनवेल्थ गेम्स

# ग्लासगो कॉमनवेल्थ-2026 में होने वाले गेम्स

| | | |
|---|---|---|
| एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड) | 3*3 बास्केटबॉल और व्हीलचेयर बास्केटबॉल | |
| आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स | स्विमिंग और पैरा स्विमिंग | बाउल्स और पैरा बाउल्स |
| ट्रैक साइकिलिंग और पैरा ट्रैक साइकिलिंग | वेटलिफ्टिंग और पैरा पॉवरलिफ्टिंग | |
| नेटबॉल | बॉक्सिंग | जूडो |

GLASGOW



24 अक्टूबर

# विश्व विकास सूचना दिवस

Madhu priya


विश्व
पोलियो दिवस
24 अक्टूबर
Madhu priya
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org

24 अक्टूबर




# विश्व पोलियो दिवस

**देश के भविष्य को अपंग होने से बचाना है,**
**देश के हर बच्चे को पोलियो की दवा पिलाना है।**

www.teachersofbihar.org

पुनीता कुमारी